भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2051
11 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत सरकार मुद्रणालयों का आधुनिकीकरण

†2051. श्री राजाभाऊ पराग प्रकाश वाजेः

क्या आवासन और शहरी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार के मुद्रणालयों के युक्तिसंगतीकरण और विलय के निर्णय के अनुसार, नासिक, रिंग रोड, राष्ट्रपति भवन और टेम्पल स्ट्रीट स्थित भारत सरकार के पांच मुद्रणालयों के आधुनिकीकरण के लिए क्या समय-सीमा नियत की गई है;
(ख) आधुनिकीकरण योजनाओं के कार्यान्वयन में विलंब के क्या कारण हैं;
(ग) क्या मुद्रण-पूर्व, मुद्रण-पश्चात और जिल्दसाजी कार्यों के लिए परिचालन कर्मचारियों की कमी के कारण ऐसे विलंब से परिचालन दक्षता प्रभावित हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार द्वारा वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा जारी संशोधित स्वीकृत संख्या के अनुसार कर्मचारियों की शीघ्र भर्ती सुनिश्चित करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे और इसकी समय-सीमा क्या है और आधुनिकीकरण कार्यक्रम को शीघ्र पूरा करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (ग) दिनांक 20.09.2017 के मंत्रिमंडल निर्णय के अनुसार, आधुनिकीकरण के लिए कोई विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई थी। आधुनिकीकरण कार्य का मूल्यांकन मंत्रिमंडल के अनुमोदन के पश्चात छह महीने के भीतर पूरा किया जाना है, और अपेक्षित अनुमोदन के एक वर्ष के भीतर कार्य प्रारंभ किया जाना है। मिंटो रोड प्रेस के आधुनिकीकरण का कार्य पहले ही शुरू किया जा चुका है जो कि पूरा होने के अंतिम चरण में है, तथा शेष प्रेसों के आधुनिकीकरण हेतु विधियों को अंतिम रूप देने पर विचार किया जा रहा है।

(घ) नई स्वीकृत संख्या के अनुसार रिक्त पदों को भरने के लिए आवश्यक प्रारंभिक कार्य, जैसे सर्विस रिकॉर्ड का संग्रहण/संकलन करना, वरिष्ठता सूचियाँ तैयार करना/उन्हें अंतिम रूप देना / उनका परिचालन करना तथा आरक्षण रोस्टर को नया रूप प्रदान करना, पहले ही शुरू किये जा चुके हैं।

****